जन्मदिन मुबारक



एकमजोत सिंह
पिता: गुरमीत सिंह
(जम्मू)



निर्वेद शर्मा
पिता: बिशन दास शर्मा
माता: आशा देवी



मयंक यादव
पिता: अश्विनी यादव



ईशा अरोड़ा
(जम्मू)



लियाकत अली
पिता: रोशन दीन



गुरनूर सिंह
(जम्मू)

बंधन प्यार का



जय राम व कमलजीत कौर को विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर बधाई



खैर के जंगलों पर लकड़ी माफिया की नजर, अखनूर, खौड़ व चौकी चौरा के जंगलों में सक्रिय

■ लकड़ी माफिया पर कार्रवाई की मांग, विभिन्न संगठनों ने डी.जी.पी. से लगाई गुहार



जब्त खैर की लकड़ी की फाइल फोटो। (किशोर)

अखनूर, 31 अक्तूबर (किशोर): उप जिला अखनूर, खौड़ और चौकी चौरा क्षेत्र के जंगलों में प्रतिबंध खैर की लकड़ी की कथित अवैध कटाई और तस्करी को लेकर स्थानीय लोगों तथा विभिन्न संगठनों में रोष है।

संगठनों का आरोप है कि क्षेत्र के जंगलों में सक्रिय लकड़ी माफिया प्रतिबंध खैर के पेड़ों को अवैध रूप से काटकर उनकी लकड़ी को ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। इससे जहां वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं जंगलों के संरक्षण को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं कई भर जंगलों के वजाये खेतों मे भी विना आज्ञा से खैर की कटाई चोरी छुपे होने की घटना समाने आई हैं। स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि खैर की लकड़ी की बाजार में अच्छी कीमत होने के कारण तस्करों की नजर लंबे समय से इस पर बनी हुई है। आरोप है कि तस्कर जंगलों में खैर के पेड़ों की पहचान कर उन्हें काटते हैं और बाद में लकड़ी को विभिन्न रास्तों से निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया जाता है। इस पूरे काम में कथित तौर पर कई लोग अलग-अलग स्तर पर शामिल रहते हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जाता है कि समय-समय पर पुलिस और वन विभाग द्वारा अवैध रूप से ले जाई जा रही खैर की लकड़ी पकड़े जाने की कार्रवाई की जाती रही है। कई मामलों में लकड़ी जब्त किए जाने के बावजूद स्थानीय संगठनों का कहना है कि कथित तस्करी का सिलसिला पूरी तरह थम नहीं पाया है। उनका कहना है कि केवल लकड़ी पकड़ने तक कार्रवाई सीमित रहने के बजाय इसके पीछे काम कर रहे नेटवर्क की पहचान कर उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।

संगठनों ने प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि जंगलों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाए और लकड़ी की आवाजाही वाले मार्गों पर जांच की जाए तो अवैध कटाई पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकता है।

विभिन्न संगठनों ने जम्मू-कश्मीर के लैफ्टिनैंट गवर्नर मनोज सिन्हा एवं डी.जी.पी से मांग की है कि अखनूर, खौड़ और चौकी चौरा क्षेत्र में खैर की कथित तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए, साथ ही वन विभाग और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जंगलों में निगरानी बढ़ाने, अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान करने तथा दोष सिद्ध होने पर कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की गई है।

संगठनों ने वन विभाग से खैर के पेड़ों और अन्य वन संपदा के संरक्षण के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू करने की अपील की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र के जंगलों में वन संपदा को और नुक्सान पहुंच सकता है। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है, ताकि लोगों में वन संरक्षण को लेकर विश्वास कायम हो सके।

शहर की गतिविधियां

पूर्व मुख्य सचिव बी.आर. शर्मा पॉल एच. एपलबी पुरस्कार से सम्मानित



जम्मू (सतीश): जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आई.आई.पी.ए.) की जम्मू-कश्मीर क्षेत्रीय शाखा के अध्यक्ष बी.आर. शर्मा को लोक प्रशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और संस्थान के प्रति विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित पॉल एच. एपलबी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आई.आई.पी.ए. की 72वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। वर्ष 1984 बैच के सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी शर्मा ने 36 वर्षों से अधिक के प्रशासनिक करियर में केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, राज्य निर्वाचन आयुक्त, केंद्रीय गृह मंत्रालय में सीमा प्रबंधन सचिव व कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का पद शामिल है। (सोहन)

सुमन सिंह चिब बने ऑल इंडिया चिब बिरादरी के नए प्रधान



अखनूर (बब्बी): ऑल इंडिया चिब बिरादरी की आम सभा शनिवार को गांव नड स्थित बिरादरी के देवस्थान में पूर्व मंत्री एवं बिरादरी के मुख्य संरक्षक आरएस चिब की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बिरादरी के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बिरादरी के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए सुमन सिंह चिब को सर्वसम्मति से नया प्रधान नियुक्त किया गया, जबकि तरसेम सिंह चिब को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में आरएस चिब ने नई नियुक्तियों की घोषणा की। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का बिरादरी के सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूर्व मंत्री आर.एस चिब ने कहा कि बिरादरी के संगठन को और मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेतृत्व में बदलाव किया गया है।

पी.एम. दिव्यांश-वयोश्री केंद्र ने जरूरतमंदों को दिए सहायक उपकरण



जम्मू (रोशनी): प्रधानमंत्री दिव्यांश-वयोश्री केंद्र (पीएम डी-वी के) जो दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाता है, की तरफ से मढ़ के विधायक सुरिंदर कुमार भगत के प्रयासों से दो जरूरतमंदों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत कृष्णा कुमारी पत्नी स्वर्गीय भीम सैन, निवासी वार्ड नंबर-3 म्युनिसिपल कमेटी घो मन्हासा तथा राम धन पुत्र पुन्नू राम, निवासी लोरी चक्क को व्हीलचेयर तथा अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए। इस मौके पर भाजपा जिला जम्मू बॉर्डर के प्रभारी व म्युनिसिपल कमेटी घो मन्हासा के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सिंह चिब, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव मनोहर लाल भगत, काला चौधरी, मदन लाल आदि उपस्थित थे। (मोहित)

मोटर वाहन विभाग ने 205 लंबित आवेदनों का मौके पर किया निपटारा



सतर्कता मेले के दौरान लंबित आवेदनों का निपटारा करते ए.आर.टी.ओ. अशिक रफीक मलिक एवं मोटर वाहन विभाग के अधिकारी।

राजौरी, 31 अक्तूबर (शिवम): सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत मोटर वाहन विभाग राजौरी की ओर से सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में सतर्कता मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन परिवहन विभाग की सचिव आर. एलिस वाज और जम्मू-कश्मीर के परिवहन आयुक्त विशेष पॉल महाजन के निर्देशों पर किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य परिवहन सेवाओं से संबंधित लंबित आवेदनों की जांच कर उनका मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित करना था। दस्तावेजों में कमियों, लंबित शुल्क भुगतान और अन्य आपत्तियों से जुड़े करीब 205 आवेदनों की जांच की गई तथा निर्धारित नियमों के तहत उनका मौके पर ही निपटारा किया गया।

इस दौरान वाहन व सारथी पोर्टल के माध्यम से परमिट नवीनीकरण, वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण सहित अन्य परिवहन सेवाओं से जुड़े मामलों का समाधान किया गया।

इस दौरान ए.आर.टी.ओ. अशिक रफीक मलिक ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आवेदकों को एक सुविधाजनक मंच उपलब्ध करवाना है, ताकि वे अपने लंबित मामलों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करवा सकें और आवेदनों का समय पर निपटारा हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें और निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि अनावश्यक देरी से बचा जा सके।

महिला का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद, पुलिस जांच में जुटी



संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा महिला का शव। (तनु)

ऊधमपुर, 31 अक्तूबर (दीपक): ऊधमपुर के सी.ई.ओ. कार्यालय के पास अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार सी.ई.ओ. कार्यालय के पास एक गुर्जर शौकत अपनी बकरियों के पास गया जोकि वहां पर एक प्लाट में बांधी हुई थी, तो उसने वहां पर काफी बदबू महसूस की।

उसने जब उक्त स्थान एक आस-पास जांच की तो वहां पर एक महिला, जिसकी पहचान आरती देवी (32) निवासी रामनगर के रूप में बताई गई है व यह 28 अक्तूबर से लापता थी, का शव अर्ध नग्न अवस्था में पड़ा हुआ देखा तथा उसके कुछ ही दूरी एक ईको गाड़ी भी खड़ी थी। उसने तुरंत स्थानीय लोगों को जानकारी दी तथा उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची तथा उसने शव को कब्जे में ले लिया तथा सभी औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु जी.एम.सी. ऊधमपुर में पहुंचाया। यहां पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

बताया जा रहा है कि जैसी बदबू शव से आ रही थी वैसी बदबू गाड़ी से आ रही थी। गाड़ी में कुछ चिप्स के पैकेट व चूड़ियां पड़ी हुई थी। माना जा रहा है कि यह शव कहीं बाहर से लाकर फैंका गया है तथा किसी द्वारा आरोपियों को देखे जाने पर वह गाड़ी को वहीं छोड़ कर मौके से फरार हो गए हैं। अब यह जांच के उपरांत ही पता चल सकेगा कि इस महिला के साथ क्या हुआ है?

दीवाली पर जम्मू में पटाखों की बिक्री के लिए 8 स्थान तय, लिस्ट जारी

जम्मू, 31 अक्तूबर (रोशनी): दीवाली त्यौहार को लेकर जम्मू म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने पटाखा स्टॉल लगाने के लिए साइटों की लिस्ट जारी कर दी है। टाउन हॉल, जम्मू से जारी इस लिस्ट में कुल 8 लोकेशन को फाइनल किया गया है। इससे कुछ दिन पहले ही डिप्टी कमिश्नर जम्मू ने दिवाली की तैयारियों को लेकर बैठक की थी। उस बैठक में बताया गया था कि पटाखा स्टॉलों के लिए 10 साइटों की पहचान के लिए एक कमेटी बनाई गई है और निगम को ही साइट प्लानिंग और तैयारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रामीण इलाकों में एसडीएम और संबंधित एसपी परमिशन देंगे। प्रशासन ने साफ किया है कि तय जगहों के अलावा कहीं भी पटाखे स्टोर या बिक्री नहीं की जा सकेगी। फायर एंड इमरजैंसी सर्विसेज को भी अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

निगम की लिस्ट के मुताबिक ये स्थान हुए तय

जे.डी.ए. पार्किंग (होटल फॉर्च्यून के पीछे), जे.डी.ए. पार्किंग, विशाल मेगा मार्ट बहु प्लाजा के सामने, जे.डी.ए. लैंड, सब्जी मंडी के पास मुट्ठी (डायरैक्टर स्कूल एजुकेशन ऑफिस के पास), सैनिक कॉलोनी दशहरा ग्राऊंड के नीचे, जे.डी.ए. ग्राऊंड, मेन मार्कीट के पीछे, त्रिकुटा नगर, बाग-ए-बाहु, कासिम नगर (रैडिसन ब्लू होटल के पास), मन्हास बिरादरी ग्राउंड, पलौडा।

लोगों को व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वच्छता के महत्व के प्रति किया जागरूक



पौधारोपण अभियान के दौरान निगम आयुक्त आयुषी सूदन व अन्य अधिकारी। (मोहित)

जम्मू, 31 अक्तूबर (रोशनी): एकता दिवस के अवसर पर जम्मू नगर निगम ने वार्ड नंबर-36 लक्कड़ मंडी में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता व नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। अभियान का शुभारंभ निगम आयुक्त आयुषी सूदन ने किया। उन्होंने कहा कि एक साफ, हरा-भरा और स्वस्थ शहरी वातावरण बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। यह पहल स्वच्छता गतिविधियों में जन भागीदारी को मजबूत करने और नागरिकों को एक स्वच्छ व सुंदर जम्मू बनाने में योगदान के लिए प्रेरित करने की निगम की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 36 में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। इस दौरान लोगों को व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता के महत्व, कूड़ा-कचरा न फैलाने और कचरे के उचित निपटान के बारे में जागरूक किया गया। निवासियों से जिम्मेदार स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने और अपने मोहल्लों को साफ रखने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

स्वच्छता अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करने के लिए पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। इस पहल में वायु गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता को बढ़ावा देने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण बनाने में पौधारोपण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

नागरिकों को प्रकृति की रक्षा और शहर के हरित क्षेत्रों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त (स्वास्थ्य एवं स्वच्छता) अब्दुल सत्तार, डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अश्वनी कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शाहिद हुसैन, म्युनिसिपल वेटरनरी असिस्टैंट सर्जन डा. दिव्या शर्मा आदि मौजूद रहे।

निगरानी समिति ने ऊधमपुर जिले में पी.एम.एफ.बी.वाई. के कार्यान्वयन की समीक्षा की

■ डी.सी. ने समयबद्ध सत्यापन और दावों की मंजूरी पर जोर दिया



डी.सी. अधिकारियों के साथ जिले में पी.एम.एफ.बी.वाई. के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए। (तनु)

ऊधमपुर, 31 अक्तूबर (दीपक): ऊधमपुर के उपायुक्त अनंत द्विवेदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर खरीफ-2026 के लिए पंजीकृत किसानों के दावों के सत्यापन और अनुमोदन की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त प्रेम सिंह, मुख्य योजना अधिकारी उत्तम सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समिति के समक्ष रखे गए नामांकन सारांश के अनुसार, पी.एम.एफ. बी.वाई. खरीफ 2026 के तहत धान और मक्का की फसलों के लिए कुल 21,214 किसानों का नामांकन किया गया था। फसलवार कवरेज में 1,469 धान की खेती करने वाले किसान और 19,745 मक्का की खेती करने वाले किसान शामिल हैं। समिति ने निर्णय लिया कि ऋण प्राप्त किसान/किसान क्रेडिट कार्ड धारक, जिनका सत्यापन राजस्व और कृषि विभागों द्वारा पहले ही किया जा चुका है, उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए सत्यापित माना जाएगा, बशर्ते बैंकों के माध्यम से प्रमुख जिला प्रबंधक द्वारा सत्यापन किया जाए और लागू पी.एम.एफ.बी.वाई. दिशानिर्देशों और अभिलेखों का अनुपालन किया जाए। संबंधित अधिकारियों को एन.सी. आई.पी. पर आवश्यक अनुमोदन प्रदान करने के लिए कहा गया।

गैर-ऋणी किसानों के संबंध में, संबंधित राजस्व अधिकारी पंजीकृत किसानों का सत्यापन करेंगे और उनके संबंधित विवरणों की सत्यता को प्रमाणित करेंगे। सत्यापन पूरा होने के बाद, कृषि विभाग पात्र मामलों को एन.सी. आई.पी. पर अनुमोदन के लिए आगे बढ़ाएगा। समिति ने प्रत्येक चरण में पी.एम.एफ.बी.वाई. दिशानिर्देशों का उचित पालन करने और पूरी सावधानी बरतने पर जोर दिया। डी.एल.एम.सी. ने अनियमितताओं के लिए चिन्हित मामलों की भी समीक्षा की। समिति ने कुल 27 मामलों को खारिज कर दिया, जिनमें बैंकों द्वारा डुप्लिकेट बताए गए 20 ऋणी किसान मामले और 7 गैर-ऋणी किसान मामले शामिल हैं, जिनमें भूमि अभिलेख आवेदकों के नाम पर नहीं पाए गए।

समिति ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपस में घनिष्ठ समन्वय स्थापित करें और समय पर सत्यापन, पोर्टल का अद्यतन और अनुमोदन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र किसान पी.एम.एफ.बी.वाई. के तहत उपलब्ध लाभों से वंचित न रह जाएं। कृषि विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया को पूरा करने में सहायता के लिए संबंधित राजस्व अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करेगा।

दो मिनी बसों में विवाद, आधे घंटे तक प्रभावित रहा यातायात

बिलावर, 31 अक्तूबर (अंजू): 2 मिनट बाद चालकों के बीच विवाद को लेकर यात्री परेशान धार डुग्गनू में पुलिस ने दोनों मिनी बसों को किया सीज, यात्रियों को ई-रिक्शा से भेजा गंतव्य तक बिलावर-धार डुग्गनू में दो मिनी बसों के बीच समय सारिणी को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते करीब आधे घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे यात्रियों सहित आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से दिक्कतें उठानी पड़ीं।

जानकारी के अनुसार, धार डुग्गनू में दो मिनी बसों के बीच निर्धारित समय सारणी को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते स्थिति ऐसी बन गई कि मार्ग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई और यात्रियों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। बसों के विवाद के कारण अपने गंतव्य तक जाने वाले लोग भी परेशान रहे।

मामले की सूचना मिलने पर बिलावर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों मिनी बसों को सीज कर दिया। इसके बाद बसों में सवार यात्रियों को ई-रिक्शा के माध्यम से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया। पुलिस की कार्रवाई के बाद यातायात व्यवस्था बहाल हुई और लोगों ने राहत की सांस ली।

डेंगू ने 4 और लोगों को मारा डंक, पीड़ितों की संख्या पहुंची 92



कठुआ में डेंगू प्रभावित एक घर में स्प्रे करते स्वास्थ्य विभाग का फ्लाइंग स्क्वायड। (राकेश)

बनी/कठुआ, 31 अक्तूबर (राकेश): जिला में डेंगू मच्छर का डंक जारी है। शनिवार 4 और लोगों को डेंगू मच्छर ने डंक मार दिया।

4 नये पॉजीटिव एक कालीबड़ी, हीरानगर और मढ़ीन में पाये गए हैं, जबकि जिसके बाद स्वास्थ विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर मच्छर मारने वाली दवाई गोकीलॉक का स्प्रे किया और ग्रामीणों को डेंगू से बचाव और इसके फैलने के कारणों के बारे में जागरूक किया।

इसके साथ 4 नए पॉजीटिव आने पर अब त क कुल 92 लोग जिला में डेंगू के शिकार हो चुके हैं। जिला में अभी कुल 6 लोग सक्रिय डेंगू से पीड़ित हैं, जो अपने घरों में ही स्वास्थ विभाग की निगरानी में इलाज करा रहे हैं, जबकि एक ही पीड़ित अस्पताल में इस समय दाखिल है।

जारी डेंगू के प्रकोप के साथ जिला में मलेरिया से कुल पीड़ितों की संख्या 26 है। जहां जहां से डेंगू और मलेरिया के पॉजीटिव पाए जा रहे हैं, वहां पर स्वास्थ विभाग के जिला के सी.एम.ओ. डा. विजय रैना के निर्देश पर जिला के वरिष्ठ स्वास्थ निरीक्षक लोकेश राज के नेतृत्व में गठित फ्लाइंग स्कवायड के सदस्य घरों में जाकर अवश्य दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं।

चलती ट्रेन में मोबाइल चोर पकड़ा, नहीं खोल पाया लॉक



रेलवे पुलिस ने पकड़ा चोर।

जम्मू, 31 अक्तूबर (रितेश): उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से चलती ट्रेन में एक संदिग्ध मोबाइल चोर को पकड़ लिया गया। आरोपी को बाद में मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जी.आर.पी. और आर.पी.एफ. के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर-14611 लखनऊ-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग स्टाफ रवींद्र कुमार कोच नंबर एस3 से एस7 में टिकट चैक कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक व्यक्ति नशे की हालत में संदिग्ध रूप से घूमता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर रवींद्र कुमार ने उससे टिकट मांगा और उसके पास मौजूद मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ की। मोबाइल की लॉक स्क्रीन पर किसी अन्य व्यक्ति की फोटो लगी हुई थी। आरोपी बार-बार कोशिश करने के बावजूद मोबाइल का पासवर्ड नहीं खोल पाया, जिससे टिकट चेकिंग स्टाफ का शक और गहरा गया।

पकड़े जाने के डर से आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन टिकट चैकिंग स्टाफ ने उसे पकड़ लिया और शोर मचाया। शोर सुनकर नजदीकी कोच में ड्यूटी कर रहे अन्य टिकट चैकिंग स्टाफ भी मौके पर पहुंच गए। सह-यात्रियों की मदद से आरोपी को काबू में कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मोबाइल पिछले स्टेशन से चोरी किया था।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय: एस.सी.ओ. 19, दूसरी मंजिल, डी-ब्लॉक, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर
ई-मेल: recovery.amritsar@bankofbaroda.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्ति की बिक्री सूचना परिशिष्ट-II A / IV-A (नियम 6 (2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें)

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2), 8(6) एवं 9 के अंतर्गत चल चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी सूचना। सामान्य जनता तथा विशेष रूप से उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं एवं गारंटरों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में गिरवी/बंधक रखी गई है तथा जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर बैंक की बकाया राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं, गारंटरों, सुरक्षित संपत्तियों, बकाया राशि, आरक्षित मूल्य, ईएमडी, बोली वृद्धि राशि तथा ई-नीलामी की तिथि एवं समय का विवरण नीचे दिया गया है। ईएमडी भुगतान का माध्यम: NEFT.

शाखा / एनपीए खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक)	मांग नोटिस की तिथि	ई-नीलामी की तिथि	आरक्षित मूल्य	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
सिविल हवाई अड्डा शाखा, जम्मू		कुल देय	ई-नीलामी का समय प्रातः सवय से सायंसि सवय तक	बयाना राशि बोली वृद्धि राशि	
(1) मिस्टर गौरव चोपड़ा पुत्र सुनील कुमार चोपड़ा (उधारकर्ता) (ii) श्रीमती चोपड़ा बेटी सुनील कुमार चोपड़ा (सह-उधारकर्ता) (iii) श्रीमती गार्गी चोपड़ा पत्नी (सह-उधारकर्ता) (iv) सिमरन चोपड़ा पत्नी गौरव चोपड़ा (को-बॉरोअर),	रजिस्टर्ड मॉर्गेज तारीख 09-06-2025 13 मरला और 110 वर्ग फुट जमीन का प्लॉट जो खसरा नंबर 151 मिन, खाता नंबर 46, खेवट नंबर 5 के तहत आता है, रेवेन्यू विलेज चक चंगेरयान, तहसील जम्मू चौंथ और जिला जम्मू में स्थित है और जम्मू म्युनिसिपैलिटी की सीमा में आता है। श्रीमती गार्गी चोपड़ा पत्नी स्व. श्री सुनील चोपड़ा के नाम पर और संपत्ति की सीमाएं: पूर्व: हाउस 54', वेस्ट: रोड 60', नॉर्थ: रोड 60', साऊथ: खुली भूमि 60' से घिरी है। (भौतिक कब्जा)	11-03-2026 11-03-2026 को 1,07,58,194.88 रुपए + 10-03-2026 से आज तक का ब्याज, चार्ज और अगर कोई रिकवरी हुई तो उसे चालान,	26-11-2026 सायं 2 बजे से सायं 6 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)	रु. 90,50,000/- रु. 9,05,000/- रु. 10,000/-	17-11-2026 पूर्व अपाइंटमैंट लेकर

सभी ऊपर वासी हाउस नंबर 53, सैक्टर 2, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, हरि कृपा कार क्लिनिक के पास, लोअर रूप नगर, जम्मू, जेएंडके 180013

सरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत सरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की सूचना

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया इस वैबसाइट लिंक पर जाएं: https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल: https://baanknet.com. इसके अतिरिक्त, इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, अधिकृत अधिकारी से निम्न मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं: 94192-46677, 79846-79806, 70871-15313

दिनांक: 31-10-2026 स्थान: जम्मू हस्ताक्षरित अधिकृत अधिकारी

जिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के उपरांत उनके समर्थन में नारे लगाते हुए कांग्रेसी कार्यकर्त्ता। (तनु)

ऊधमपुर, 31 अक्तूबर (दीपक): जिला कांग्रेस कमेटी ऊधमपुर के अध्यक्ष सुमित मगोत्रा की अध्यक्षता में शनिवार को गोल मार्कीट, इंदिरा चैक में देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की तस्वीर पर फूल अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और इंदिरा गांधी अमर रहें के नारे लगाए।

इस दौरान पूर्व विधायक के.सी भगत, सूरज चैधरी, अनिल पचियाला, शशि मन्हास, ओपी खोखर, हंस राज ठाकुर, रामपाल भगत, द्वारका पराशर, देव राज, विनोद भगत, विकास खजूरिया, नईम बांडे, तीर्थ, जीवन शर्मा, मुकेश भारती, अरविंद, राकेश शर्मा, शिवम, राजेश, पंकज, सुखविंद आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने इंदिरा जी को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष सुमित मगोत्रा ने कहा कि इंदिरा गांधी जी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत की शक्ति और साहस का प्रतीक थीं। मगोत्रा ने कहा कि इंदिरा जी ने 1971 के युद्ध में अमेरिका की धमकी और सातवें बेड़े के दबाव को ठुकरा कर पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश नामक नया देश बनाकर दुनिया को भारत की ताकत का एहसास कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।